


**टिप्पणी**

**शब्दार्थ**

| | |
|---|---|
| अघ | – पाप |
| परिपाकू | – फल, परिणाम |
| काकू | – व्यंग्य |
| नीक | – अच्छा |
| हेरि | – देखकर |
| परिनामू | – परिणाम |
| सति भाऊ | – सच्चे मन से |
| प्रपंचु | – कपट |

बिनु समुझें निज अघ परिपाकू। जारिउँ जायँ जननि कहि काकू।।
हृदयँ हेरि हारेउँ सब ओरा। एकहि भाँति भलेहिं भल मोरा।
गुरु गोसाइँ साहिब सिय रामू। लागत मोहि नीक परिनामू।।

दो० साधु सभाँ गुर प्रभु निकट, कहउँ सुथल सति भाउ।
प्रेम प्रपंचु कि झूठ फुर जानहिं मुनि रघुराउ।।२६१।।



## 3.2 बोध प्रश्न

1. 'सिसुपन ते परिहरेउँ न संगू, कबहूँ न कीन्ह मोर मन भंगू'
   उपर्युक्त पंक्ति कौन किसके बारे में कह रहा है ?
   (क) कौन ..........................................
   (ख) किसके बारे में ........................
2. 'प्रभुक पा की रीति' किस पंक्ति से प्रकट हो रही है –
   (क) नीरज नयन नेह जल बाढ़े
   (ख) खेलत खुनिस न कबहूँ देखी
   (ग) हारेहुँ खेल जितावहिं मोही
   (घ) लागत मोहि नीक परिनामू
3. भरत माँ के प्रति अपराध भाव से ग्रस्त हैं, क्योंकि –
   (क) कैकेयी ने राम को वनवास दिया
   (ख) कैकेयी ने भरत से परामर्श नहीं किया
   (ग) भरत कैकेयी को भी चित्रकूट ले आया
   (घ) भरत ने कैकेयी को बुरा-भला कहा

## 3.3 आइए समझें

### भरत का भ्रात प्रेम

आइए, 'भरत का भ्रात प्रेम' के प्रथम अंश को पुनः पढ़ें।

### प्रसंग

आप यह तो जानते ही हैं कि सीता और लक्ष्मण सहित राम के वन चले जाने पर अयोध्यावासी बड़े दुखी हुए थे। राम के छोटे भाई भरत को सबसे अधिक दुख हुआ था। बता सकते हैं क्यों ? कैकेयी ने राजा दशरथ से राम के लिए वनवास और भरत के लिए राज्याभिषेक का वरदान माँगा था। भरत के लिए यह बात अकल्पनीय

यह तन जारौं छार कै, कहौं कि 'पवन उड़ाउ'।
मकु तेहि मारग उड़ि परौ, कंत धरैं जहँ पाँउ।।दो।।

अवधी की उपर्युक्त पंक्तियों को आपने पढ़ा। क्या आप इसका केंद्रीय भाव समझ पाए ? फागुन का (वसंत का) मौसम आया है। चारों ओर फूलों-फलों से लदी डालें झुक गई हैं और नायिका अपने को पीले पत्ते-सा कह रही है? सोचिए क्यों? क्योंकि उसका पति उससे दूर है। वह विरह की अग्नि में जल रही है, जैसे होली जल रही हो। उसे उसका पति जलता हुआ भी देख ले तो उसे जल मरने का पश्चात्ताप नहीं होगा।

अंत में दोहे को एक बार और पढ़िए। जायसी का यह दोहा बहुत प्रसिद्ध है। विरहिनी की इच्छा क्या है ? जलकर राख हो जाना ही नहीं, वह राख उड़कर कहाँ गिरे, इस पर भी उसका विशेष आग्रह है। पढ़कर बताइए कि वह राख के रूप में कहाँ गिरना चाहती है ? क्यों ?

**शब्दार्थ**

जारौं छार – जलाकर राख बना दूँ
उड़ाउ – उड़ा लो
मकु – थोड़ा सा
कंत धरै जहँ पाउँ – मेरे पति जहाँ अपने पैर रखें

## पाठगत प्रश्न 3.2

आइए, अब इन प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1. वसंत में भी नायिका का शरीर पीले पत्ते-सा दुर्बल और कांतिहीन क्यों हो गया?
2. वसंत में व क्षों में क्या-क्या परिवर्तन दिखाई देते हैं?
3. जब लोग होली खेल रहे थे, तब नायिका होली के समान क्यों जल रही थी?
4. रात-दिन वह क्या सोचा करती है?
5. राख बन जाने पर वह उड़कर कहाँ गिरना चाहती है ? क्यों?

---

## 3.6 आपने क्या सीखा

1. राम और भरत में परस्पर गहरा प्रेम है। भरत के मन में राम के प्रति आदर भाव है और वे चाहते हैं कि राम अयोध्या वापस लौट चलें और उनके साथ ही रहें।
2. आवेश में कैकई के प्रति कहे वचनों के लिए भरत के मन में पश्चात्ताप भी है।
3. तुलसी की भाषा और कथन भंगिमाओं की भी आपने अनेक विशेषताएँ पढ़ीं। कवि शब्दों का प्रयोग बड़ी चातुरी से करता है। मनोभावों के चित्रण में वह सिद्धहस्त है।
4. अनुप्रास के अतिरिक्त उपमा, रूपक, उत्प्रेक्षा, द ष्टांत आदि अलंकारों का तुलसी दास ने अपने काव्य में सुंदर प्रयोग किया है।
5. तुलसी ने रामचरित मानस की रचना अवधी भाषा में की है।

(ग) मोर अभाग उदधि अवगाहू।

(घ) मातु मंदि मैं साधु सुचाली। उर अस आनत कोटि कुचाली।।
फरइ कि कोदव बालि सुसाली। मुकुता प्रसव कि संबुक काली।।

7. 'भरत का भ्रात प्रेम' शीर्षक वाक्यांश की आज के संदर्भों में प्रासंगिकता बताइए।

8. निम्नलिखित काव्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

(क) पुलकि सरीर सभाँ भए ठाढ़े। नीरज नयन नेह जल बाढ़े।
कहब मोर मुनिनाथ निबाहा। एहि तें अधिक कहौं मैं काहा।।

(ख) साधु सभाँ गुरु प्रभु निकट, कहउँ सुथल सति भाउ।
प्रेम प्रपंचु कि झूठ फुर जानहिं मुनि रघुराउ।।

9. निम्नलिखित पंक्तियों में प्रयुक्त छंद का नाम लिखिए–

(क) शांति दिवस बस यह जिउ मोरे।

लगौं निहोर कंत अब तोरे।।

(ख) राम नाम मनि दीप धरु जीह देहरी द्वार।

तुलसी भीतर बाहरेहु, जो चाहसि उजियार।।

10. निम्नलिखित पंक्तियों को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:
चितवति चकित चहूँदिसि सीता। कहँ गए न प किसोर मनु चिंता।।
लता ओट सब सखिन्ह लखाए। श्यामल गौर किसोर सुहाए।।
देखि रूप लोचन ललचाने। हरणे जनु निज निधि पहिचाने।।
थके नयन रघुपति छवि देखें। जनु पलकन्हिं परिहरीं निमेषें।।

(क) उपर्युक्तऽकविता किस छंद में लिखी गई है?

(ख) इसमें श्यामल और किसोर शब्द किसके लिए प्रयुक्त हुए हैं?

(ग) किसका रूप देखकर सीता की आँखें ललचाने लगीं?

(घ) 'पलकन्हिं परिहरी निमेषें' की व्याख्या अपने शब्दों में कीजिए।

## 3.9 उत्तरमाला

### बोध प्रश्नों के उत्तर

1. (क) भरत, (ख) राम 2. (ग) 3. (क)

### पाठगत प्रश्नों के उत्तर

**3.1** 1. (क) 2. (ख) 3. (ग)

